सफलता पूर्वक 4 साल

www.politelive.com

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

*वेब चैनल *यूट्यूब न्यूज *1 लाख लोग

वर्ष.- 5 अंक - 28 | Reg no-4-000-1393 | धनबाद, गुरूवार, 25 जुलाई,2024



A TRUSTED BRAND

CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL

CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)

ADMISSION OPEN

SESSION 2024 - 2025

CLASS - 11 SCIENCE COMMERCE & ARTS

HOSTEL FACILITY AVAILABLE

AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION

LIMITED SEATS

FIT INDIA SCHOOL | TOP 500 | ISO 9001:2015

9934319186 | BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD


# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भगवान बिरसा मुण्डा स्मृति पार्क रांची में निर्मित बिलियन इंप्रेशंस का उद्घाटन किया



रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भगवान बिरसा मुण्डा स्मृति पार्क, रांची में निर्मित बिलियन इंप्रेशंस का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री श्री हफीजुल हसन, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री श्री दीपक बिरुआ, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री अरवा राजकमल, सीईओ-सह-प्रबंध निदेशक टाटा स्टील श्री टी॰ वी॰ नरेन्द्रन सहित राज्य सरकार एवं टाटा स्टील के अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिले धनबाद सांसद

## झारखंड में अफसरों द्वारा किए जा रहे कर्तव्यहीनता के विरुद्ध केंद्रीय स्तर से करवाई की जाए : ढुलु महतो



**PL न्यूज डेस्क** : केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित साह से धनबाद सांसद ढुलू महतो ने दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। ढुलू महतो ने झारखंड एवं धनबाद में चल रही गतिविधियों से अमित साह जी को अवगत कराया। साथ ही अपने लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रशासनिक अफसरों की लापरवाही और उनके क्रियाकलापो से भी अवगत कराया। ढुलू महतो ने कहा कि अपराध के विरुध देश में जीरो टॉलरेंस निति के साथ भाजपा की सरकार अग्रसर है, परंतु झारखंड खास कर धनबाद में प्रशासन ही अपराधियों को संरक्षण प्रदान कर रही है। धनबाद के अफसरों द्वारा किए जा रहे कर्तव्यहीनता के विरुद्ध केंद्रीय स्तर से करवाई की जाए जिससे राज्य को अपराध मुक्त बनाया जा सके। ढुलू महतो द्वारा प्रशासनिक पदाधिकारियों की वस्तुस्थित अवगत कराने को गंभीरता से लेते हुए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी ने इस पर उचित कार्रवाई करने की पहल करने का भरोसा जताया '







# सेल के प्रस्तावित कोल वॉशरी प्लांट की स्थापना के लोकसुनवाई का लोगों का मिला समर्थन

- 3.5 मिलियन टन क्षमता की वाशरी निर्माण का है लक्ष्य
- वाशरी के कुल क्षेत्रफल का 33 % क्षेत्र ग्रीन बेल्ट के लिए है आरक्षित






**सिंदरी :** सेल के टासरा कोकिंग कोल वॉशरी प्लांट स्थापना हेतु आर्य समाज परिसर में पर्यावरण स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई का आयोजन श्री विनोद कुमार, अपर समाहर्ता धनबाद की अध्यक्षता में तथा झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के श्री राम प्रवेश कुमार, श्रीमती अमृता मिश्रा, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र धनबाद के महाप्रबंधक श्री राजेंद्र प्रसाद, की उपस्थिति में किया गया।

उक्त लोकसुनवाई में सर्वप्रथम सेल के एकअ कंसल्टेंट ने परियोजना का सार पढ़ कर सुनाया तत्पश्चात पर्यावरण अधिकारी ने ग्रामीणों को पर्यावरण से संबंधित अपने मंतव्य रखने के लिए आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में रोहड़ाबांध के मिहिर मंडल ने कहा कि हम कोल वाशरी प्लांट की स्थापना का समर्थन करते हैं परन्तु अधिक से अधिक रोजगार स्थानीय ग्रामीणों को मिले। कार्यक्रम में उपस्थित जोगेंदर महतो ने सेल के टसरा ओपन कास्ट परियोजना का एक साथ अधिग्रहण के मुद्दे पर अपनी बात रखी। टसरा निवासी देवेंद्रनाथ मंडल ने राजस्व अधिकारीयों को रैयतों की भूमि म्युटेशन समस्या हेतु कैंप लगा कर निराकरण करने की मांग रखी। कार्यक्रम में उपस्थित संतोष सिंह ने पर्यावरण सरंक्षण में स्थानीय प्रजातियों जैसे चिरायता के पौधों के सरंक्षण पर जोर दिया। अधिकतर ग्रामीणों ने कोल वाशरी का समर्थन करते हुवे रोजगार से संबंधित मुख्य मुद्दे पर अपना विचार व्यक्त किए।

अंत में सेल के महाप्रबंधक शिवराम बनर्जी ने पर्यावरण सरंक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुवे स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के आधार पर नियोजन दिलाने की बात कही। अपर समाहर्ता धनबाद श्री विनोद कुमार द्वारा ग्रामीणों के मंतव्य को पढ़कर सुनाया गया एवं ग्रामीणों द्वारा रखे गए मांगों को सेल प्रबंधन को विचार करने हेतु समझाइश देते हुवे कार्यक्रम उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, सेल के मुख्य महाप्रबंधक श्री संजय तिवारी एवं महाप्रबंधक श्री शिवराम बनर्जी एवं अन्य सेल अधिकारी , कर्मचारी एवं मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



*मुहर्रम के अवसर पर...*

*डिम्पल चौबे*

*अध्यक्ष*
*जेबीकेएसएस महिला मोर्चा धनबाद महानगर*

*आप सभी झारखंडीवाशियों को जोहार*

# झारोटेफ प्रखंड इकाई का चुनाव सह कर्मचारी चेतना जागरण कार्यक्रम का आयोजन

**टुंडी :** मुख्यालय स्थित विवेकानंद सेवाश्रम आदर्श मध्य विद्यालय के सभागार में बुधवार को झारोटेफ एनएमओपीएस के प्रखंड इकाई का चुनाव जिला कमेटी के वरीय सदस्य लक्ष्मी गोस्वामी के अध्यक्षता में चुनाव पर्यवेक्षक जिला कमिटी के संजय गिरी, राकेश कुमार, दीपक कुमार, अविनाश, सुधांशु एवं निर्वाचन पदाधिकारी प्रांतीय उप महासचिव ब्रजेश भट्ट के देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षक पंकज कुमार के स्वागत भाषण एवं उप महासचिव ब्रजेश भट्ट द्वारा प्रखंड स्तरीय चुनाव की रूपरेखा को विस्तृत रूप से वर्णन के साथ किया गया। जिसके बाद सभी मनोनीत पदों पर सर्वसम्मति से विचार विमर्श के उपरांत टुंडी प्रखंड अध्यक्ष




पंकज कुमार प्रखंड सचिव आशीष मंडल कोषाध्यक्ष मिलन प्रजापति उपाध्यक्ष अंजनी कुमारी एवं मो इस्तियाक अहमद संयुक्त सचिव अनंत शक्ति एवं मो राजेश अंसारी मनोनित किए गए। राज्य प्रतिनिधि के रूप में मो इरफान, अजीत कुमार महतो एवं सोमनाथ मरांडी के अतिरिक्त प्रखंड के 17 पंचायत के लिए एक-एक पंचायत प्रतिनिधियों का मनोनीत किया गया। नवचयनित सभी पदाधिकारीयों का जिला पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत करने के बाद जिला सचिव राकेश कुमार द्वारा सभी नवनियुक्त सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मूरत महतो ने उपस्थित शिक्षकों के बीच जीपीएफ प्रमाण पत्र का वितरण किया। का सितम्बर 2024 को कर्मचारी संकल्प महासम्मेलन रांची के लिए तैयारी में लग जाने को कहा है। झारोटेफ के कर्मचारी चेतना जागरण जिला सचिव राकेश कुमार ने सम्बोधित करते हुए सभी लोगों से सदस्यता अभियान में जोर देने एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारियों से सम्पर्क कर मेम्बरशिप फार्म भरवाने पर ध्यान देने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महेंद्र प्रताप, रंजीत चौधरी, चंद्रहास कुमार, अनंत शक्ति, नरेश कुमार, धर्मेंद्र राम, मो इस्तियाक, सीमा सिन्हा, निर्भय कुमार, अशोक सोरेन, पवन महतो, बॉबी महतो, कुमारी मंजूषा पाठक, गोपाल मिस्त्री, राजेंद्र प्रताप, ओमप्रकाश मंडल आदि उपस्थित थे।

# 25 जुलाई को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन मतदाताओं से उपायुक्त ने की अपील

- **अपना नाम वोटर लिस्ट में जरूर जांच लें**
- **25 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक सोशल मीडिया पर #ठेंखंल्लुँड्ड हैशटैग अभियान**
- **27, 28 जुलाई तथा 3, 4 अगस्त को सभी बूथों पर विशेष अभियान**
- **20 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन**
- **25 जुलाई से 9 अगस्त तक छुटे हुए मतदाता जुड़वा सकते हैं मतदाता सूची में अपना नाम**



**धनबाद :** बृहस्पतिवार, 25 जुलाई 2024, को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया जाएगा। 25 जुलाई से 9 अगस्त 2024 तक स्पेशल समरी रिवीजन (एसएसआर) के तहत मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जांच कर सकते हैं। वहीं छुटे हुए मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। स्पेशल समरी रिवीजन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने आज पत्रकार वार्ता का आयोजन कर मीडिया को बताया कि 25 जुलाई को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के अवसर पर सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची के प्रारूप को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंनि सभी मतदाताओं से अपील की कि वे 25 जुलाई को सुबह अपने मतदान केंद्र जाकर अपना नाम वोटर लिस्ट में जरूर चेक कर लें। यदि कोई विसंगति हो तो तत्काल अपने बीएलओ को बताएं। लोग चाहें तो घर बैठे ही निर्वाचन आयोग के वोटर हेल्पलाइन ऐप या वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से भी अपना नाम जांच सकतें। उन्होंने कहा कि मतदाता अपने मोबाइल से एसएमएस के माध्यम से भी मतदाता सूची में अपना नाम जांच सकते हैं। इसके लिए अपने रजिस्टर्ड नंबर से ईसीआइ लिखकर फिर एक स्पेस देकर अपना मतदाता पहचान पत्र (एपिक) नंबर लिखकर 1950 पर मैसेज करने से मतदाता पंजीकरण से जुड़ी जानकारी मेसेज से ही उपलब्ध हो जाएगी।

उपायुक्त ने कहा कि स्पेशल समरी रिवीजन आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड, भी लगातार इस्की निगरानी कर रहे हैं।

यदि मतदाता अभी से मतदाता सूची में अपने नाम की जांच कर लेंगे तो फिर चुनाव के समय कोई असहज स्थिति नहीं आएगी। अन्यथा चुनाव के समय कहीं कहीं से ऐसी शिकायतें भी मिलती हैं कि उनका मतदाता पहचान पत्र है किंतु मतदाता सूची में नाम नहीं है। आगामी चुनाव के दौरान ऐसी अप्रत्याशित स्थितियों से बचने के लिए ही यह #ठेंखंल्लुँड्ड अभियान चलाया जा रहा है।

न्होंने कहा कि आम मतदाताओं के बीच नाम जांचने को लेकर और जागरूकता फैलाने के लिए 25 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 1 बजे के बीच #ठेंखंल्लुँड्ड सोशल मीडिया अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने सभी से अपील की कि 25 जुलाई को 12 से 1 बजे के बीच चलाए जा रहे इस सोशल मीडिया कैंपिन का हिस्सा जरूर बनें। इस दिन अपने नाम की तो मतदाता सूची में जांच करें ही साथ ही, साथ ही अपने आस पड़ोस, दोस्तों, रिश्तेदारों एवं परिवारजनों को भी नाम जांच करने के लिए प्रेरित करें। उपायुक्त ने कहा कि 27 एवं 28 जुलाई तथा 3 एवं 4 अगस्त 2024 (शनिवार व रविवार) को विशेष अभियान चलाया जाएगा तथा 20 अगस्त 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उपायुक्त ने पुनः अपील करते हुए कहा कि 1 जुलाई 2024 तक 18 साल के हो चुके युवा, विवाह के बाद घर में आयी नई बहू या छुटे हुए मतदाता 25 जुलाई से 9 अगस्त 2024 तक अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वा ले। वहीं यदि घर में किसी सदस्य की मृत्यु हुई है तो उनका नाम मतदाता सूची से हटवा ले। उपरोक्त विषय को लेकर उपायुक्त ने आज विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की और मतदाताओं को जागरूक करने की अपील की।



# अल्पसंख्यक आयोग ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

**धनबाद** :झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के माननीय अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान, माननीय उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारु, सदस्य बरकत अली, इकरारुल हसन तथा श्रीमती सविता टुडू ने आज संयुक्त रूप से सर्किट हाउस में जिले में अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विभागवार समीक्षा की। समीक्षा के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में अध्यक्ष ने मीडिया को बताया कि आज आयोग ने जिले में अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ शिक्षा, ग्रामीण विकास, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण, मत्स्य, कृषि, स्वास्थ्य सहित अन्य विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा



की। उन्होंने कहा कि आयोग का उद्देश्य है कि झारखंड के सभी जिलों में अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएं सही तरीके से धरातल पर उतरे। उन्होंने कहा कि राज्य के माननीय मुख्यमंत्री की भी यही प्राथमिकता है कि राज्य के सभी व्यक्तियों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने मीडिया को बताया कि समीक्षा के क्रम में विभागों से प्राप्त रिपोर्ट से आयोग संतुष्ट है। आयोग सभी जिलों से प्राप्त रिपोर्ट का डाटा इकट्ठा कर राज्यस्तरीय बैठक करेगा। इसके बाद रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार को अपनी अनुशंसा प्रदान करेगा। मौके पर झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान, माननीय उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारु, सदस्य बरकत अली, इकरारुल हसन, श्रीमती सविता टुडू के अलावा उप विकास आयुक्त सादात अनवर, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी जियाउल अंसारी, सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजुर के अलावा अन्य विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

## आयुष फाउंडेशन धनबाद ने किन्नरों के साथ मनाया सावन उत्सव

झरिया : जामाडोबा स्थित छम छम देवी जी के निवास पर आयुष फाउंडेशन धनबाद ने किन्नरों के साथ मिलकर सावन उत्सव का आयोजन किया। समाज में आमतौर पर किन्नरों को केवल बधाई देने के लिए ही बुलाया जाता है, लेकिन सरकार द्वारा उन्हें ओबीसी का दर्जा दिए जाने और समान अधिकार दिलाने के प्रयासों के बावजूद आमजन उनसे दूरी बनाए रखते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए, आयुष फाउंडेशन ने किन्नरों को कुछ खुशनुमा पल देने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया।




कार्यक्रम की शुरूआत छम छम माई से आशीर्वाद लेकर और उन्हें शॉल प्रदान कर की गई। इसके बाद ज़िला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह जी को अंगवस्त्र और श्रृंगार पोटली देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मेहंदी प्रतियोगिता, रंग भरो, बॉल फेंको, बिंदी लगाओ, बैलून फोड़ो आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्य अतिथि शारदा सिंह जी ने कहा कि उन्होंने इस तरह का कार्यक्रम पहली बार देखा है और सभी बहुत खुश थे। संस्था की तरफ से सभी प्रतिभागियों को श्रृंगार पोटली तोहफे में दी गई और नाश्ते का भी प्रबंध किया गया था। स्वेता किन्नर को आर्टिस्ट गणेश शर्मा द्वारा फैब्रिक पेंट किया हुए साड़ी तोहफे में दी गई।कार्यक्रम में सचिव अर्पिता अग्रवाल, उपाध्यक्ष गणेश शर्मा, गीता दास,सुधा मिश्रा, शोभना ,शामली, षष्ठी आदि की उपस्थिति रही।इस प्रकार, आयुष फाउंडेशन धनबाद ने समाज में किन्नरों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण और समानता के संदेश को आगे बढ़ाने का प्रयास किया।

## नक्सलियों का झारखंड-बिहार बंद शुरू, पुलिस अलर्ट



रांची। प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के एक करोड़ के इनामी नक्सली नेता विवेक की पत्नी जया की गिरफ्तारी के विरोध में नक्सलियों ने झारखंड-बिहार बंद का ऐलान किया है। इस संबंध में बिहार-झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी के प्रवक्ता आजाद ने 25 जुलाई को बिहार-झारखंड बंद की घोषणा की है। बंद को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने राज्य के सभी एसएसपी- एसपी को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। साथ ही सार्वजनिक स्थल और सड़कों पर पहली नजर रखने को कहा है। इसके अलावा रेलवे पुलिस को भी अलर्ट रहने को कहा है। एक्सप्रेस ट्रेनों के आगे पायलट ट्रेन चलाने को भी कहा है। प्रेस विज्ञप्ति के जरिये प्रवक्ता आजाद ने झारखंड पुलिस पर कई आरोप भी लगाए हैं।

## बाजार समिति चैंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल झरिया विधायिका पूर्णिमा नीरज सिंह से मिला

**धनबाद** : बाजार समिति चैंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल चैंबर अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में झरिया की विधायिका सह विधानसभा सचेतक पूर्णिमा नीरज



सिंह से मिलकर आगामी विधानसभा चुनाव में चुनावी प्रक्रिया मंडी परिसर में न होकर कहीं अन्यत्र हो इस पर विस्तृत चर्चा की गई।अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि पिछले दिनों लोकसभा चुनाव में पूरे मंडी परिसर को लगातार 15 दिनों तक बंद कर दिया गया जिससे व्यापारियों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा एवं व्यापार ना होने से सरकार को राजस्व की भी हानि हुई साथ ही विधायका ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि आपकी मांग को अभिलंब झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं माननीय कृषि मंत्री दीपिका पांडे सिंह के समक्ष रखकर आप सभी व्यापारियों की समस्या का समाधान करने का भरपूर प्रयास करूंगी। प्रतिनिधि मंडल में बाजार समिति चेंबर के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल सचिव गौरव गर्ग कोषाध्यक्ष दीपक कटेसरिया एवं विनोद सिंघल उपस्थित थे।






# वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने बाघमारा अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी थाना व ओपी प्रभारियों की समीक्षा बैठक की आयोजित

## बाघमारा एसडीओपी आनंद ज्योति मिंज भी बैठक में मौजूद थें

कतरास : बाघमारा बैठक के दौरान एसएसपी महोदय ने सभी थानों में लंबित मुकदमों की समीक्षा करते हुए जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया ' इस दौरान महिला उत्पीड़न व पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों का अनुसन्धान तय समय में पूरा करने को कहा गया ' एसएसपी महोदय ने माननीय अदालत से निर्गत वारंट व कुर्की जब्ती की कार्रवाई को यथाशीघ्र तमिला करने का





निर्देश दिया ' इसके साथ ही क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री रोकने व नशे के कारोबार पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा ' बैठक में सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र में हो रहे सड़क हादसों को रोकने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई के साथ नए कानून की जानकारी आम जनता तक पहुँचाने और मित्रवत सम्बन्ध स्थापित करने का निर्देश दिया गया '

## पूर्वी टुंडी प्रखंड कार्यालय में हल्ला बोल, पोल खोल कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर जनता दल यूनाइटेड का बैठक हुई

**टुंडी :** जनता दल यूनाइटेड के बैनर तले आगामी 26 जुलाई को पूर्वी टुंडी प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित हल्ला बोल, पोल खोल कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बुधवार को जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में पूर्वी टुंडी प्रखंड के रामपुर, लटानी, उकमा एवं मोहलीडीह पंचायत के कई गांवों में जनसंपर्क एवं बैठक किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि हल्ला बोल, पोल खोल आन्दोलन भ्रष्टाचार और लुट - खसोट के विरुद्ध किया



जा रहा है। इसमें आप लोगों की भागीदारी जरूरी है इसलिए अधिक से अधिक संख्या में हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी आवाज को बुलंद करें। जनसंपर्क अभियान के इस दौरान जदयू नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह, धनबाद जिला जदयू महासचिव दीपक कुमार महतो, गुड्डू सिंह, दिनेश राय, तारा बाबू, उत्तम, सुधीर रजक, बुलेट सिंह, प्रिंस कुमार, सुभाष सिंह आदि लोग साथ थे।

## बीआईटी सिंदरी में बी.टेक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए नमांकन आज से

**सिंदरी:** बी.टेक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए बीआईटी सिंदरी में 24 जुलाई को पहले दौर की काउंसलिंग के बाद दाखिला लिया गया है। यह प्रक्रिया निदेशक डॉ. पंकज राय और निम्नलिखित संकाय सदस्यों की देखरेख में संपन्न हुई: संकायाध्यक्ष डॉ. डी. के. तांती, प्रभारी पदाधिकारी डॉ. डी. महतो, डॉ. जे. एन. महतो, डॉ. आर.के. वर्मा, डॉ. प्रशांत कुमार सिंह, प्रो. प्रवीण कुमार।



अन्य पदाधिकारी: डॉ. मनोज मिश्रा, डॉ. राजेंद्र मुर्मू, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. राजेश नारायण देव, डॉ. सुमित कुमार, डॉ. दिनेश कुमार, प्रो. मनीष कुमार। कर्मचारी: श्री अभिषेक कुमार, श्री सन्नी भूषण, श्री सन्नी कुमार, श्री मुकेश कुमार सिंह, श्री सुमित सौरभ, श्री पी. के. मिश्रा, श्री बिनेश्वर प्रसाद।




# निजी अस्पताल के उद्घाटन में स्वास्थ्य मंत्री के पहुँचने से बोकारो में चर्चा गर्म

**बोकारो :** झारखंड हाईकोर्ट द्वारा आए दिन झारखंड के सरकारी अस्पतालों में लापरवाही से संबंधित मामले में सरकार को फटकार लगाई जा रही है। 22 जुलाई 2024 को बोकारो चास के उसरडीह स्थित एमजेएम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन करने झा-रखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पहुंचे जिसके बाद से बोकारो में चर्चा गर्म हो गई है।बोकारो के सैकड़ो लोगों से हमारे संवाददाता ने सरकारी स्वास्थ सेवा और एक नए निजी अस्पताल के स्वास्थ मंत्री द्वारा उद्घाटन किए जाने से संबंधित बात की तो लोगों में आक्रोश देखने को मिला। बोकारो के लोगों का कहना है कि सरकारी




अस्पताल में इलाज का स्तर बहुत नीचे है जिसकी शिकायत सिविल सर्जन से लेकर स्वास्थ्य मंत्री तक को होती रही है मगर सरकारी अस्पताल की हालत बद से बदतर बनी हुई हैं। झारखंड के बोकारो जिला का सदर अस्पताल बीमार है। झारखंड सरकार के संबंधित विभाग अपने राज्य और जिलों के सरकारी अस्पताल को व्यवस्थित करने में पूर्ण रूप से विफल है।वहीं झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता , बोकारो जिले के असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी (सिविल सर्जन ) दिनेश कुमार, बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष उमेश कुमार गुप्ता अपने पूरे सरकारी ताम झाम के साथ एमजीएम अस्पताल के प्रबंधक और अन्य अतिथियों के साथ एक निजी अस्पताल का विधिवत उद्घाटन करते है।

## समर्पण एक नेक पहल टीम देवघर के सचिव के पहल पर डायलिसिस के लिए मरीज को रक्त उपलब्ध कराई गई



बलियापुर : एक बार फिर से समर्पण एक नेक पहल संस्था टीम देवघर के सचिव गंगाधर मंडल के पहल पर देवघर, मागोमुंडा ग्राम नवाडीह के रहने वाले 17 वर्षीय मरीज मुनिलाल मरांडी के डायलिसिस के लिए तत्काल ए पॉजिटिव रक्त व्यवस्था कराई गई ' रक्त की मांग की सूचना प्राप्त होते की श्री मंडल ने अपने मित्र समाजसेवी ऋषि कुमार से संपर्क कर रक्त प्रदान करने का अनुरोध किया फिर थोड़ी देर में ही रक्तवीर सदर बैंक मधुपुर पहुंचे और मरीज के लिए रक्तदान कर जीवनदान देने का ईश्वरीय कार्य किया ' संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात हैं कि हम सभी मिल मिलजुलकर पूरे राज्य में अपनी सेवा दे पा रहे हैं बाबा नगरी देवघर में हमारी संस्था सराहनीय कार्य कर रही हैं और इस कार्य के लिए संस्था के सचिव गंगाधर मंडल जी तथा रक्त वीर ऋषि कुमार जी का आंतरिक हृदय से धन्यवाद .

## धनबाद जिला श्रमिक मित्र संघ सदस्यों ने झरिया विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह को गुलदस्ता एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया

**बलियापुर :** धनबाद जिला श्रमिक मित्र संघ के सदस्यों ने आज झरिया विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह के रघुकुल सरायढेला स्थित आवास पर गुलदस्ता एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। बताते चलें की विधायक महोदय द्वारा श्रम भवन में उच्च अधिकारियों से वार्ता कर श्रमिक मित्रों के स्थाई तौर पर विभाग में रखने और श्रमिकों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की पहल की थी । जिसके उपरांत श्रमिक मित्रों को स्थाई तौर पर विभाग द्वारा रखा गया एवं श्रमिकों का कल्याणकारी योजनाओं के लाभ चालू किया गया। इसके लिए धनबाद जिला श्रमिक संघ ने माननीय विधायक महोदय को धन्यवाद दिया । साथ ही साथ इन्होंने माननीय महोदय को सादर आग्रह किया कि झारखंड के तमाम श्रमिक



मित्रों को न्यूनतम मानदेय देने की पहल करने की बात उच्च अधिकारियों से किया जाए। विधायक महोदय द्वारा आश्वासन दिया गया कि विधानसभा के मॉनसून सत्र में आप लोगों की बात सदन में रखी जाएगी ताकि आप लोगों की समस्या पर सरकार चिंतन कर समस्या का समाधान करे। मौके पर शैलेंद्र सिंह, साधू महतो, उमेश राय, असीम बावरी, रोहन महतो, अभिमन्यु सिंह, शेखर कुमार, लक्ष्मण शर्मा, विपिन कुमार, अशोक रविदास, लखन कुमार, गौतम बाऊरी, प्रदीप ओझा, देवाशीष विश्वकर्मा, अमित बाऊरी आदि उपस्थित थे।





# हैशटैग नाम जांचो अभियान को बनाएं सफल जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ,गोड्डा

## मतदान केंद्र पर जाकर मतदाता करें मतदाता सूची में नाम की जांच, फोटो/सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर करें अपलोड और टैग

- **जिले के मतदाताओं के लिए आगामी 25 जुलाई को विशेष अभियान**
- **दोपहर 12:00 बजे से लेकर अपराह 01:00 बजे तक चलेगा अभियान**
- **जिले के मतदाताओं के लिए आगामी 25 जुलाई को विशेष अभियान**



गोड्डा : जिला के मतदाताओं के लिए आगामी 25 जुलाई 2024 को पूरे जिले में अभियान चलाया जायेगा। उक्त तिथि को यह अभियान एक घंटे तक दोपहर 12 :00 बजे से लेकर अपराह्न 01:00 बजे तक चलेगा। इस दौरान मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप या मुख्य चुनाव पदाधिकारी, झारखंड का वेबसाईट या वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से मतदाता सूची में अपने नाम की जांच कर सकते हैं। समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ,गोड्डा श्री जिशान कमर के द्वारा आगामी 25.07.2034 को दोपहर 12:00 बजे से 1:00 बजे तक अभियान के सफल आयोजन कराने को लेकर जिले के मीडिया कर्मियों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशांनुसार द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 का संचालन हो रहा है। इसी के तहत आगामी 25 जुलाई को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया जाएगा। किसी भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में अंकित होने से ना छूटे इसके लिए हैशटैग नाम जांचो अभियान का आयोजन किया जा रहा है।मतदाताओं को जागरूक करने हेतु सोशल मीडिया के माध्यम से हैशटैग नाम जांचो अभियान चलाया जाएगा।( जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने हैशटैग नाम जांचों अभियान को सफल बनाने को कहा है। उन्होंने प्रेस मीडिया के माध्यम से विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों एवं जिले के मतदाताओं से अपील किया है कि मतदाता अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशित में अपने नाम का जांच कर लें। इसके अतिरिक्त मतदाता वेबसा-ईट या वोटर सर्विस पोर्टल,वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से भी अपना नाम का जांच कर सकते हैं। इस दौरान मतदाता अपनी फोटो/सेल्फी लेकर हैशटैग नाम जांचों ( को लिखते हुए

## पेड़ लगाने का लो संकल्प, प्रकृति को बचाने का यही है विकल्प : रोहित यादव



**कतरास :** पंजाबी मोहल्ला के दुर्गा पूजा मैदान परिसर में रोहित यादव ने पेड़ लगाकर दिया पर्यावरण को बचाने का संदेश वृक्षरोपण के कार्यक्रम से पूर्व स्थानीय युवाओं ने मस्जिद पट्टी मोड में ढोल नगाड़े के साथ श्री यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया मैदान परिसर में सैकड़ों महिलाओं ने अपने हाथों में पेड़ लेकर श्री यादव का स्वागत किया मैदान परिसर में महिलाओं एवं पुरुषों को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि आज हम यह संकल्प ले एक आदमी प्रत्येक वर्ष एक पेड़ लगाएगा जिस से प्रकृति के साथ मानव जीवन भी सुरक्षित होगा कार्यक्रम में सामाजिक युवाओं के साथ सैकड़ों महिलाए ऐवम पुरुष उपस्थित थे ।

## अंचल कार्यालय से महज करीब दो फीट की दूरी पर सरकारी जमीन खरीद-फरोख्त करने लगा आरोप

**महागामा :** महागामा अनुमंडल कार्यालय में पदस्थापित तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी सौरभ कुमार भूवानियां का तबादला होने के साथ ही गोड्डा जिले के तहत महागामा अंचल कार्यालय के कुछ ही दूरी पर इन दिनों सरकारी जमीन का खरीद-फरोख्त का कार्य इस कदर हो रहा है कि मानो की सरकारी जमीन का लूट-खसोट शुरू हो गया है।जिसका जीता जागता उदाहरण स्वरूप ताजा मामला महागामा बसुआ मौजा के तहत गैर-मजूरूआ खाता संख्या 24 दाग नंबर 32 जमीन का किस्म परती कदिम से सम्बंधित है।इस संबंध में स्थानीय लोगों का मानना ही नही बल्कि आरोप है कि उक्त जमीन सरकारी मवेशी अस्पताल का है। इस बात का जानकारी सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत महागामा अंचलाधिकारी की ओर से वर्ष 2017 ई में दिया गया है। इसके बावजूद भी प्राप्त जानकारी के अनुसार श्याम सुंदर राम उर्फ टिवड़ेवाल नामक व्यक्ति की ओर से खुले-आम उक्त जमीन को बेचा जा रहा है। और उक्त जमीन को खरीदने वाले खरीदार उस जमीन पर निर्माण कार्य भी शुरू कर दिए है। तथा इस मामले की जानकारी उपायुक्त गोड्डा,एसडीएम महागामा सहित अंचलाधिकारी महागामा को लिखित रूप से समाजसेवी नित्यानंद शर्मा,आबिद आलम, एवं फैजूद्दीन सहित अन्य व्यक्ति ने दिया है। और आवेदन में स्पष्ट रूप से सरकारी जमीन बचाने का गुहार लगाया गया है। उक्त आवेदन में लिखा गया है कि डॉक्टर तरूण मिश्रा एवं डॉक्टर कुलदीप उक्त जमीन को खरीदकर मकान भी बना रहे है।जबकि उक्त सरकारी जमीन के अन्य जगह पर उपरोक्त दोनों व्यक्ति विगत कई वर्ष पूर्व से ही अपना मकान बनाकर रह भी रहे है। और इस संबंध में जमीन बेचने वाले व्यक्ति श्याम सुंदर राम का कहना है कि यह जमीन तीन बीघा उन्हें बंदोबस्ती के रूप में मिला है। जानकारी के अनुसार श्याम सुंदर राम के पिता रमाअवतार राम महागामा अंचल अंतर्गत महागामा,खैरा,डेवढ़ी,आकाशनी सहित अन्य कई मौजा के रैयत और जमींदार भी थे।ऐसे परिस्थिति में श्याम सुंदर राम के नाम से भला बंदोबस्ती कैसे हो सकता है। इन्हें बंदोबस्ती मिल ही नही सकता है। इस संबंध में बताया जाता है कि इनके द्वारा स्थानीय पदाधिकारियों के साथ सांठ-गांठ करके पंजी 2 में छेड़छाड़ भी कराया गया है।क्योंकि यह जमीन महागामा थाना से सटे हुए है।और उक्त जमीन का इसकी अनुमानित कीमत तकरीबन पच्चास करोड़ रुपए से भी ज्यादा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि विभागीय संबंधित पदाधिकारी को बिना नजराना दिये बगैर महागामा थाना के बगल में सरकारी जमीन का लूट का खेल संभव ही नही है।

## उपायुक्त ने किया बीबीएमकेयू का भ्रमण



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी (बीबीएमकेयू) का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने पूरे यूनिवर्सिटी परिसर और विभिन्न ब्लॉक में स्थित हॉल का निरीक्षण किया। आगामी विधानसभा चुनाव में यूनिवर्सिटी में मतदान कर्मियों का प्र-शक्षण, विधानसभा वार स्ट्रांग रूम, चुनाव के लिए मतदान सामग्री का डिस्पैच, चुनाव के बाद मतदान सामग्री प्राप्त करने के लिए रिसीविंग स्थल, वाहनों के सुगमता से प्रवेश एवं निकास मार्ग, मतगणना स्थल, पावर बैक अप, पार्किंग सहित अन्य सुविधाओं को लेकर बारीकी से अध्ययन किया। इस दौरान उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, निदेशक डीआर-डीए राजीव रंजन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, बीबीएमकेयू के कुलानुशासक डॉ अजीत कुमार, भवन प्रमंडल सहित अन्य विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

## स्पंदन संस्था को किया गया सम्मानित



**धनबादः** लिन्डसे क्लब मैं एक कार्यक्रम में ए के राय मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा धनबाद के स्पंदन संस्था को सोशल और कल्चार के लिये एक्सीलेंट अवार्ड से स्मानित किया गया। स्पंदन संस्था के मीडिया प्रभारी नीलकमल खवास और अरविंदो बनर्जी ने बताया कि यह अवार्ड स्पंदन संस्था के अध्यक्ष मनोज मजूमदार सचिव बरनाली सेनगुप्ता एवं संस्था के सभी सदस्य उपस्थिति में यह सन्मान से सम्मानित किया गया। आपको बता दे की स्पंदन संस्था पिछले कई दिनों से सोशल एवं कल्चरल क्षेत्र में काम कर रहे हैं जिसमें उद्देश्य विशेष कर धनबाद और आसपास के उभरते कलाकारों को मनोबल को प्रोत्साहित करते हैं।स्पंदन संस्था के सभी सदस्यों ने ए के राय मेमोरियल ट्रस्ट को तहे दिल से बधाई दी।